समर एक्सप्रेस

नगर निगम चुनाव मोहाली 2026

जीरकपुर नगर परिषद चुनाव, दिग्गजों की साख दांव पर

कौन मारेगा बाजी, सियासी माहौल गर्म, करीब 1 लाख 35 हजार मतदाता अपनी वोटिंग का अधिकार कर चुनेंगे 31 पार्षद

गुरमीत सिंह | ज़ीरकपुर
समर न्यूज़

जीरकपुर में पहुंचे रवनीत बिट्टू भाजपा नेताओं के साथ। (दाएं) हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा जीरकपुर में अपनी पार्टी के उम्मीदवार के हक में चुनाव प्रचार करते हुए। - समर न्यूज़

ज़ीरकपुर नगर परिषद के 31 वार्डों में 26 मई को हो रहे चुनावों को लेकर सियासी मैदान पूरी तरह गरम हो गया है। इस चुनाव में करीब 1 लाख 35 हजार मतदाता अपनी वोटिंग का अधिकार प्रयोग करेंगे। मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी, शिरोमणि अकाली दल, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच माना जा रहा है।

आम आदमी पार्टी की चुनावी कमान विधायक कुलजीत सिंह रंधावा संभाल रहे हैं। खास बात यह है कि 'आप' इस बार सभी 31 वार्डों में उम्मीदवार उतार रही है और उसका सीधा टकराव शिरोमणि अकाली दल से माना जा रहा है। शिरोमणि अकाली दल के लिए पूर्व विधायक एन के. शर्मा पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। उनके भाई यादवेंद्र शर्मा लगातार तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं और हैट्रिक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा उनके करीबी प्रवीण शर्मा भी बलटाणा से चुनाव लड़ रहे हैं। एन के. शर्मा के नजदीकी माने जाने वाले तेज़ी सिद्धू की पत्नी भी चुनावी मैदान में सक्रिय हैं। अकाली दल ने भी सभी 31 वार्डों में अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं।

कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए हल्का इंचार्ज दीपेन्द्र सिंह ढिल्लो और पूर्व नगर परिषद प्रधान उदैवीर सिंह ढिल्लो चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस इस बार 30 वार्डों में चुनाव मैदान में है।

भाजपा की चुनावी कमान वरिष्ठ नेता गुरदर्शन सैनी, हरजीत मिंटा और प्रदेश सचिव संजीव खन्ना संभाल रहे हैं। हरजीत मिंटा और उनकी पत्नी भाजपा टिकट पर अलग-अलग वार्डों से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके समर्थन में केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी चुनाव प्रचार कर चुके हैं।

इस चुनाव में विधायक कुलजीत सिंह रंधावा, पूर्व विधायक एन के. शर्मा, भाजपा नेता गुरदर्शन सैनी, संजीव खन्ना और हरजीत मिंटा की राजनीतिक साख दांव पर लगी है। वहीं कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत उदैवीर ढिल्लो के लिए सम्मान का सवाल बनी हुई है।

अब देखना होगा कि जीकरपुर की कमान किस के हाथ में सौंपेगे वोटर। हालांकि सभी पार्टिया वोटरों को लुभाने में लगी हुई है, जोरो शोरो से प्रचार जारी है। लोगों का कहना हैं कि जीरकपुर में समस्याओं का भंडार है, वोट मांगते समय वायदे तो सभी करते है लेकिन जीत के बाद उनको हल करने की बजाय पिछले पार्षदों और राजनीति पार्टियों के सिर ठीकरा तोड़ कर पल्ला झाड़ लेते है, यह सिलसिला कई सालों से चल रहा है।

वॉर्ड नंबर 21 से कांग्रेस के गुरचरण सिंह चन्नी ने चुनाव प्रचार किया तेज

कांग्रेसी उम्मीदवार गुरचरण सिंह चन्नी समर्थकों के साथ प्रचार करते हुए। - समर न्यूज़

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़

काउंसिल जीरकपुर के वार्ड नंबर 21 में इस बार गुरचरण सिंह चन्नी अपनी अलग चुनावी शैली और विकास वादों के साथ जोरदार वापसी कर रहे हैं। लंबे समय से लोहगढ़ क्षेत्र से जुड़े चन्नी का कहना है कि वे इलाके की हर समस्या और जरूरत से भलीभांति परिचित हैं और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है। 2021 की नगर काउंसिल चुनावों में टिकट न मिलने पर वे कांग्रेस का साथ दे चुके हैं और न्यून मत अंतर से हार का अनुभव भी रख चुके हैं। चन्नी ने आरोप लगाया कि एन.के. शर्मा और अन्य नेताओं के शासनकाल में लोहगढ़ व आस-पास के क्षेत्रों को जरूरी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया — सड़कों, सीवरेज और सफाई जैसी समस्याएँ बरकरार रहीं। उन्होंने दावा किया कि नगर परिषद अध्यक्ष उदैवीर सिंह ढिल्लो के कार्यकाल में विकास की रफ़्तार बढ़ी, पर अभी बहुत काम बाकी है। चन्नी ने वादा किया कि यदि उन्हें जनता सेवा का मौका देती है तो वार्ड नंबर 21 में प्राथमिकता के आधार पर हर लटकी समस्या का निवारण कर विकास की नई दिशा स्थापित करेंगे। उनके चुनावी नारे "वार्ड नंबर 21 विच चली गल, चन्नी करदा मसले हल" ने स्थानीय लोगों में काफी चर्चा बटोरी है।

चंडीगढ़ के 116 करोड़ घोटाले में नया मोड़

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

116 करोड़ रुपये के बहुचर्चित कथित घोटाले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। महिला आरोपी ने जांच एजेंसियों के समक्ष सरकारी गवाह बनने की इच्छा जताई है। सूत्रों के अनुसार आरोपी ने अदालत में आवेदन देकर जांच में सहयोग करने और पूरे नेटवर्क से जुड़े अहम खुलासे करने की बात कही है। अदालत से अनुमति मिलने पर मामले में कई नए नाम और वित्तीय लेन-देन सामने आ सकते हैं। यह घोटाला कथित तौर पर फर्जी निवेश, दस्तावेजों और आर्थिक अनियमितताओं से जुड़ा बताया जा रहा है। वहीं जांच एजेंसियों ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए फिलहाल ज्यादा जानकारी साझा करने से इनकार किया है।

कैबिनेट मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पहुँचे जीरकपुर, भाजपा उम्मीदवार के हक में किया प्रचार

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़

जीरकपुर में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में आज चुनावी माहौल और भी गर्म हो गया। कैबिनेट मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने जीरकपुर पहुंचकर वार्ड नंबर 5 की उम्मीदवार नेहा शर्मा के पक्ष में प्रचार किया और लोगों से कमल के निशान पर मतदान करने की अपील की। अपने संबोधन में रवनीत बिट्टू ने कहा कि भाजपा विकास, पारदर्शिता और जनसेवा की राजनीति करती है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी के उम्मीदवार क्षेत्र की जरूरतों को समझते हैं और जीतने के बाद जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करेंगे।

उन्होंने वार्ड नंबर 5 की प्रत्याशी नेहा शर्मा को सक्रिय, शिक्षित और जनता से जुड़ी हुई उम्मीदवार बताया। बिट्टू ने कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर संपर्क अभियान भी चलाया और मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जीरकपुर में इस बार बदलाव की लहर है और भाजपा को जनता का मजबूत समर्थन मिल रहा है। इस दौरान पार्टी समर्थकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। चुनाव प्रचार के साथ भाजपा ने जीरकपुर में अपनी ताकत झोंक दी है और नेताओं को भरोसा है कि आने वाले मतदान में इसका सकारात्मक असर दिखेगा। इस मौके सीनियर भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी, हरजीत सिंह मिंटा, हरप्रीत सिंह टिंकू भी उपस्थित थे।

दशमेश कॉलोनी की चुनावी सभा में गरजे उदैवीर ढिल्लों, वोटर सूचियों में छेड़छाड़ के आरोप लगाए

वॉर्ड नंबर 19 में कांग्रेस के उम्मीदवार सुखदेव सिंह सैणी के हक में किया प्रचार

गुरमीत सिंह | ज़ीरकपुर
समर न्यूज़

कांग्रेसी नेता उदेवीर सिंह ढिल्लो सुखदेव सिंह के हक में प्रचार करते हुए। - समर न्यूज़

नगर परिषद वार्ड नंबर 19 में कांग्रेस के उम्मीदवार सुखदेव सिंह सैणी के समर्थन में दशश कॉलोनी में आयोजित चुनाव सभा में पूर्व कौंसिल अध्यक्ष उदैवीर सिंह ढिल्लों ने सरकार पर तीखे आरोप लगाए। ढिल्लों ने कहा कि 2021 में कांग्रेस के 23 काउंसिलरों की जीत के बाद शहर के विकास के लिए कई योजनाएँ चलाई जा रही थीं, लेकिन 2022 में सरकार बदलने के बाद उन परियोजनाओं में बाधाएँ आईं।

ढिल्लों ने दावा किया कि राजनीतिक साजिश के तहत कुछ काउंसिलर सत्ता पक्ष के साथ मिल गए और उनके खिलाफ अविश्वसनीयता मत लाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में आप, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के कुछ काउंसिलर एक साथ हो गए। मामला पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट तक गया, जहाँ ढिल्लों के पक्ष में फैसला आने के बाद वे अपना कार्यकाल पूरा करने में सफल रहे।

पूर्व अध्यक्ष ने यह भी कहा कि नगर निगम चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम एक वार्ड से दूसरे वार्ड में बदले गए, जिससे चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हुई। उन्होंने आम आदमी पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के बीच अंदरूनी समझौते होने का भी आरोप लगाया। इस सभा में कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव सिंह सैणी ने कहा कि वे क्षेत्र के स्थायी निवासी हैं और चुने जाने पर लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने मतदाताओं से विकास और स्थानीय प्रतिनिधित्व के आधार पर निर्णय लेने की अपील की।

वॉर्ड-15 से आजाद उम्मीदवार हरमनदीप कौर के समर्थक बोले- जनता का पैसा जनता पर लगेगा

हरजीत मठारू | मोहाली
समर न्यूज़

नगर निगम चुनाव में प्रचार जोरों पर है। सभी पार्टियों के प्रत्याशी डोर-टू-डोर कैंपेन कर रहे हैं। द समर न्यूज चैनल ने वार्ड नंबर-15 से ट्रैक्टर चुनाव निशान पर आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहीं हरमनदीप कौर कंडा के समर्थक सनी कंडा से बातचीत की।

सनी कंडा ने कहा कि पूर्व पार्षदों ने डेवलपमेंट के नाम पर कोई काम नहीं किया। कॉरपोरेशन की मीटिंग भी पूर्व पार्षदों ने अटेंड नहीं की। न मुद्दे उठाए और न ही कोई विकास कार्य किया।

▪ **आरडब्ल्यूए ने पैसे इकट्ठे कर करवाई सफाई** : उन्होंने बताया कि वार्ड पॉश इलाका है। आरडब्ल्यूए ने मिलकर पैसे इकट्ठे करके सफाई और जो विकास हो सकते थे, वह करवाए। पूर्व पार्षदों या पार्टियों ने कोई मदद नहीं की। इसी कारण सभी के समर्थन से हम निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले 5 साल से मौजूदा पार्षद के पास लोग समस्याएं लेकर नहीं जाते थे, उनके दरवाजे खटखटाते थे। पूर्व पार्षद ने काम करने से पल्ला झाड़ लिया था। बरसाती मौसम में लोगों के घरों तक पानी चला जाता है। सड़कों पर 6 इंच तक पानी जमा हो जाता है।

▪ **सत्ता के बिना सेवा की** : कैंपेन के दौरान एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि सनी समाज सेवा करते हैं। राहगीर की भी मदद करते हैं। सनी ने भरोसा दिया कि अगर सत्ता के बिना लोगों के काम कर सकते हैं तो सत्ता में लेकर बहुत अच्छे से विकास करेंगे। बहुमत से जीतकर वार्ड के अधूरे विकास कार्य जल्द पूरे करेंगे।

जीरकपुर के वॉर्ड नंबर 30 और 27 के उम्मीदवारों के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

पूर्व प्रधान उदैवीर सिंह ढिल्लों ने कांग्रेसी उम्मीदवारों के हक में किया प्रचार

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़

जीरकपुर में उम्मीदवारों के हक में प्रचार करते उदेवीर सिंह ढिल्लो साथ में नवतेज धीमान। - समर न्यूज़

नगर परिषद चुनावों से पहले कांग्रेसी उम्मीदवारों ने प्रचार और तेज कर दिया है। आज वार्ड नंबर 30 की कांग्रेसी प्रत्याशी निशा कुमारी और वार्ड नंबर 27 के उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व प्रधान उदैवीर सिंह ढिल्लों ने किया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद नवतेज धीमान ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने वार्ड 30 में जनता की मांगों के अनुसार कई विकास कार्य कराए। धीमान ने दावा किया कि इन कामों की वजह से विपक्षी दल हताश हो गए और वार्ड को महिला आरक्षित कर दिया गया। धीमान ने बताया कि उनका परिवार लंबे समय से कांग्रेस से जुड़ा है और पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को वे सेवा के रूप में निभाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पाँच वर्षों में उदैवीर ढिल्लों की अगुवाई वाली टीम ने विकास के प्रयास किए, फिर भी आम आदमी पार्टी ने कई परियोजनाओं में रोड़े अटकाए। धीमान ने कहा कि उनके और उनके परिवार के खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए गए, लेकिन विपक्ष अपने मकसद में सफल नहीं हुआ।

उदैवीर सिंह ढिल्लों ने भी भाषण में आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कई वादे पूरे नहीं किए गए और महिलाओं के लिए बताई गई वित्तीय सहायता पूरी तरह लागू नहीं हुई। मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। धीमान ने मतदाताओं से 26 मई को कांग्रेस के चुनाव चिन्ह 'पंजा' पर मोहर लगाने की अपील की।

सेक्टर-91 में मंदिर बनाना प्राथमिकता: सुखवीर सिंह गिल

हरजीत मठारू | मोहाली
समर न्यूज़

नगर निगम चुनाव का शंखनाद हो चुका है। सभी प्रत्याशी जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। द समर न्यूज चैनल ने वार्ड नंबर-44 से शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार सुखवीर सिंह गिल से खास बातचीत की। सुखवीर सिंह गिल ने बताया कि मैं एसडी कॉलेज का स्टूडेंट प्रेसिडेंट रह चुका हूं। इसके अलावा अभी भी एसआईओ का सचिव हूं और शिरोमणि अकाली दल पार्टी के लिए 5 साल से काम कर रहा हूं।

▪ **लखनौर गांव से 99% समर्थन मिल रहा** – उन्होंने कहा कि मैं लखनौर गांव का वासी हूं। वहां कुल 1300 वोट हैं और उनमें से 99% समर्थन मुझे मिल रहा है। नई सोच, नई उम्मीद और नया जज्बा लेकर हम चुनावी रण में उतरे हैं। लोगों का बहुत समर्थन मिल रहा है। सुखवीर ने कहा कि वार्ड में सीवरेज की समस्या है और गलियों की हालत खस्ता है। सेक्टर-91 में मंदिर का बहुत बड़ा मुद्दा है। वहां एक भी मंदिर नहीं है। प्राथमिकता के आधार पर वहां मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने भरोसा जताया कि बहुमत के साथ जीत हासिल कर पार्षद की सीट शिअद की झोली में डालेंगे। विकास कार्य रुकने नहीं देंगे। पहले भी मोहाली में जो विकास कार्य हुए हैं, वे ज्यादातर शिरोमणि अकाली दल की ओर से ही किए गए हैं।

चुनाव प्रचार

विधायक कुलवंत सिंह बोले : 50 में से 50 उम्मीदवार जीतेंगे

अंतिम दौर में AAP उम्मीदवारों के समर्थन में उमड़ी भीड़

मोहाली नगर निगम चुनाव को लेकर विभिन्न वार्डों में जनसभाओं को संबोधित करते विधायक कुलवंत सिंह। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | मोहाली

जैसे-जैसे मोहाली नगर निगम चुनाव के लिए प्रचार अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है, वैसे-वैसे आम आदमी पार्टी के पक्ष में लोगों का समर्थन खुलकर सामने आ रहा है। विधायक कुलवंत सिंह जहां भी आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाएं कर रहे हैं, वहां बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और सभाएं विशाल रैलियों का रूप ले रही हैं।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी सरकार लगातार लोगों की भलाई के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी द्वारा किए गए वादे और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा दी गई गारंटियां पूरी की गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी दल अब केवल झूठ फैलाकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मोहाली की जनता सब कुछ समझ चुकी है।

विधायक कुलवंत सिंह ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी के सभी 50 उम्मीदवार बड़े अंतर से जीत दर्ज करेंगे और चुनाव के बाद मोहाली नगर निगम में आम आदमी पार्टी का मेयर बनेगा।

उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टियों के वर्कर और समर्थक लगातार आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। साथ ही मोहाली के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 26 मई को अपने मतदान के अधिकार का जरूर इस्तेमाल करें, ताकि लोकतंत्र मजबूत बना रहे।

विधायक कुलवंत सिंह ने अपने चुनावी दौरे के दौरान वार्ड नंबर-22, वार्ड नंबर-2, वार्ड नंबर-4 और वार्ड नंबर-10 समेत विभिन्न क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान कई सरपंच, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि, पार्टी नेता और समर्थक मौजूद रहे।

डेराबस्सी नगर काउंसिल चुनाव में 'आप' उम्मीदवारों के समर्थन में उतरे विधायक

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने किया चुनाव प्रचार

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

वॉर्ड नंबर 1 में उमीदवार दविंदर सैनी के हक में चुनाव प्रचार करते हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा। - समर न्यूज़

हल्का विधायक कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा डेराबस्सी नगर काउंसिल चुनाव के मद्देनज़र आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार अभियान को और तेज किया गया। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर 15 से आशु उपनेजा, वार्ड नंबर 01 से दविंदर सिंह सैनी, वार्ड नंबर 16 से आशीष दत्ता और वार्ड नंबर 14 से नरेश उपनेजा के समर्थन में चुनाव बैठकों और जनसंपर्क कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब की भगवंत मान सरकार जनहित में लगातार कार्य कर रही है और प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर काउंसिल में भी ईमानदार और विकास के प्रति समर्पित प्रतिनिधियों को चुनना समय की आवश्यकता है, ताकि लोगों की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि डेराबस्सी के सर्वांगीण विकास और लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने भी उत्साहपूर्वक समर्थन व्यक्त करते हुए पार्टी उम्मीदवारों को विजयी बनाने का भरोसा दिया।

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल। मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155